**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 24.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कमासिन पुलिस द्वारा व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में पत्नी व प्रेमी को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 18.06.2025 को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम बीरा के एक व्यक्ति कमल कुमार यादव का शव ग्राम लखनपुर यमुना नदी के किनारे बरामद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में परिजन ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी के विरुद्ध तहरीर दिया था जिसके सम्बन्ध थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में कमासिन पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के क्रम मे कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. ममता पत्नी कमल कुमार यादव निवासी बीरा थाना कमासिन जनपद बांदा।
2. रामविलाश पुत्र बोगा निवासी शाहपुरसानी थाना बदौसा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

➢ मु0अ0सं0 123/25 धारा 108 बीएनएस थाना कमासिन जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री कुलदीप तिवारी
2. उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय
3. हे0कां0 माधवेन्द्र
4. कां0 सोनू कुमार
5. म0कां0 रेनू यादव